हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 2 नवंबर 2025

04 जल संसाधन विभाग मंत्री सिलावट के मुख्य...



07 जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर अधिकारी...





### मध्यप्रदेश का 70वां स्थापना दिवस जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया

# 'प्रदेश स्वच्छता, कृषि, दुग्ध उत्पादन, औद्योगिक विकास और महिला सशक्तिकरण में अग्रणी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा







मध्यप्रदेश का 70वां स्थापना दिवस जिले में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। प्रदेश स्थापना दिवस के गौरवशाली अवसर पर पुरानी कृषि उपज मंडी आगर में समारोह का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष मुन्नाबाई चौहान द्वारा ध्वजारोहण किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विभागों द्वारा स्वस्थ, समृद्धि और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर मध्य प्रदेश पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई। समारोह में विशेष अतिथि विधायक मधु गहलोत, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, नगरपालिका अध्यक्ष निलेश पटेल जैन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर प्रीति यादव ने की।

स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं महिला कल्याण के क्षेत्र में सतत प्रगति कर रहा है। विधायक गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने सभी क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित की हैं। प्रदेश में सिंचाई, उद्योग, सौर ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में तीव्र गति से कार्य हो रहे हैं। आगर मालवा जिला भी शिक्षा, स्वास्थ्य और उद्योग के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा। जिले में नए-नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं, इथेनॉल प्लांट स्थापित हुआ है जिससे मक्का उत्पादक कृषकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि नए-नए उद्योग स्थापित कर जिले के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने का काम किया जाएगा। हर क्षेत्र में आगर अव्वल बने इसके प्रयास किए जाएंगे।

कलेक्टर प्रीति यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश ने 70 वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। प्रदेश स्वच्छता, कृषि, दुग्ध उत्पादन, औद्योगिक विकास और महिला सशक्तिकरण में अग्रणी है। उन्होंने बताया कि आगर जिला स्वच्छता रैंकिंग में प्रदेश में पांचवें स्थान पर है। कलेक्टर ने नागरिकों से जिले के विकास में सहभागिता का आग्रह किया तथा छात्र-छात्राओं को प्रदेश के उज्जवल भविष्य निर्माण हेतु प्रेरित किया। जिला अध्यक्ष ओम मालवीय ने कहा कि मध्यप्रदेश धार्मिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक संपदा से समृद्ध राज्य है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कृषि, सिंचाई, बिजली एवं जनकल्याणकारी




योजनाओं के माध्यम से प्रदेश को विकास के मार्ग पर अग्रसर किया है। आज मध्यप्रदेश हर एक क्षेत्र में अग्रणी बना है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मध्यप्रदेश भारत का हृदय है, जहां से ऊर्जा, संस्कृति और प्रगति का संदेश पूरे देश में फैलता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कृषि, खनिज, ऊर्जा एवं शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नई ऊँचाइयाँ प्राप्त कर रहा है। एसडीएम मिलिंद ढोके ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि 1 नवम्बर 1956 को मध्यप्रदेश का गठन हुआ था। प्रदेश ने विगत 70 वर्षों में हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने सभी नागरिकों से राज्य के विकास में सक्रिय योगदान देने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में राजश्री शर्मा द्वारा सुमधुर ध्वनि में मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत किया गया। मांगीलाल कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में कला पथक दल तथा उज्जैन से पधारे तृप्ति नागर दल द्वारा लोक गुंजन कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी गई। श्रीकृष्ण रतन अकैडमी, संस्कार अकैडमी एवं पुष्पा कॉन्वेंट स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने मध्य प्रदेश की संस्कृति, विरासत को प्रदर्शित करते हुए आकर्षक व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोहा। समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई विकासपरक प्रदर्शनी का अतिथियों ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों के रूप में मयंक राजपूत, दिनेश परमार, अशोक प्रजापत, तूफानसिंह गड़बड़ा, मनीष सोलंकी, अजय जैन मारु बर्डिया, रेखा यादव, हरिनारायण यादव, भरत प्रजापत, महेश शर्मा, डूंगरसिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्रसिंह, राजेश ठाकुर, जगदीश गवली सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। प्रशासनिक अधिकारी सीईओ जिला पंचायत नंदा भलावे कुशरे, अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर किरण बरबड़े, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयट आदि उपस्थित रहे।

## शासकीय महाविद्यालय में मप्र स्थापना दिवस के साथ ही विधि जागरुकता पर कार्यक्रम हुए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के साथ ही विधि जागरूकता पर कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जीएल रावल की अध्यक्षता एवं नलखेड़ा न्यायालय के न्यायाधीश नितिन सोनी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ जीएल रावल एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नलखेड़ा न्यायालय के न्यायाधीश नितिन सोनी द्वारा मां सरस्वती एवं डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार नलखेड़ा न्यायालय के न्यायाधीश नितिन सोनी द्वारा अपने वक्तव्य में निशुल्क विधिक सहायता, राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे बताया कि अगर व्यक्ति जागरूक होगा तो उसे पता होगा कि एसटी एससी वर्ग के नागरिक, कोई भी महिला, अवयस्क, जेल में बंद कैदी, अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय दो लाख रुपए से कम हो निशुल्क विधिक सहायता अर्थात



अदालत द्वारा शासन के खर्चे पर वकील ले सकते हैं, साथ ही उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक न्यायालय में किसी भी मामले में समझौता कर न्यायालय शुल्क से बचा जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित छात्र एवं छात्राओं के प्रश्नों का उत्तर दिया एवं न्यायाधीश एवं सरकारी वकील की तैयारी कैसे करें ? इस संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी साथ ही कहा कि इस प्रकार की तैयारी में वे सदैव उपलब्ध रहेंगे एवं सबकी सहायता करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ जगदीश प्रसाद कुल्मी ने किया एवं आभार प्रो संतोष कुमार कुमावत कार्यक्रम प्रभारी ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने बीएलओ व सुपरवाईजर्स के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2025) कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित जिले की बुधनी विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आष्टा एसडीएम नितिन टाले ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदाता सूची के शुद्धिकरण और अद्यतन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी ली तथा सभी बीएलओ एवं सुपरवाईजर्स को आवश्यक निर्देश दिए। एसडीएम ने निर्देश दिए कि इस महत्वपूर्ण अभियान के तहत प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना चाहिए और अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाए जाने चाहिए। उन्होंने सभी बीएलओ से कहा कि वे घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों को सही-सही भरवाएं, मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बीएलओ अपने सुपरवाइजरों से नियमित संपर्क बनाए रखें और प्रतिदिन की प्रगति की जानकारी दें।

# कृषि मंत्री कंसाना का बयान, बोले- किसानों के घर पहुंचाएंगे खाद, कांग्रेस ने कहा, 'होश में आइए'

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुजराती ने वीडियो और लंबी कतारों का हवाला देकर दावों की खोली पोल

**सीहोर।** एक ओर जहां जिले के किसान खाद की कमी के चलते सोसायटियों के सामने लंबी-लंबी कतारों में रात गुजार रहे हैं, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंसाना का एक बयान अब सुर्खियों में है। मंत्री कंषाना ने दावा किया है कि सरकार किसानों के प्रति सजग है और किसानों को खाद की समस्या नहीं आने दी जाएगी, बल्कि किसान के घर पर ही खाद भेजी जाएगी।

मंत्री कंषाना गुरुवार को मुख्यालय स्थित आरएके कृषि महाविद्यालय में आयोजित नवीन कन्या छात्रावास भवन उद्घाटन समारोह में शामिल होने आए थे। इस मौके पर उन्होंने खाद संकट के सवाल पर कहा हमारी सरकार किसानों की बात पर सजग है। किसानों को खाद की समस्या नहीं आने देंगे, किसान के घर खाद भेजेंगे, जो खाद चाहिए वह खाद भेजेंगे।

**कांग्रेस ने किया पलटवार, कहा 'होश में आइए' :** कृषि मंत्री के इस बयान पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का यह सर्कस है



और मंत्रीजी का यह बयान उसमें नया अध्याय है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुजराती ने कहा कृषि मंत्री जी होश में आइए और किसानों को खाद दिलाइए। मंत्री जी कह रहे हैं कि हम किसानों के घर खाद पहुंचाएंगे, जबकि जिले से कई वीडियो जारी हो रहे हैं, जिसमें जगह-जगह किसान लंबी-लंबी कतारों में लगे हैं। किसान रात-रात भर अपने परिवार को लेकर खाद की लाइनों में लगा है, यह बयान किसानों के साथ मजाक है।

**भाऊखेड़ी में लंबी कतारें :** मंत्री और कृषि विभाग के 'कोई कमी नहीं' वाले दावों की पोल बीते दिनों भाऊखेड़ी सोसाइटी पर लगी किसानों की लंबी कतारों ने खोल दी है। सोयाबीन की कटाई के बाद किसान गेहूं और चने की बुवाई की तैयारी में हैं, जिससे खाद की मांग तेजी से बढ़ी है।

#### कृषि विभाग का दावा पर्याप्त स्टॉक

इधर कृषि विभाग के उप संचालक अशोक कुमार उपाध्याय ने दावा करते हुए कहा कि जिले में रासायनिक उर्वरकों की कोई कमी नहीं है और आपूर्ति निरंतर बनी हुई है। उप संचालक ने बताया कि वर्तमान में भी सहकारी और निजी विक्रय केंद्रों पर 6,688 मीट्रिक टन यूरिया और 4,170 मीट्रिक टन डीएपी सहित पर्याप्त स्टॉक शेष है। उन्होंने कहा कि वितरण को सुगम बनाने के लिए टोकन जारी कर खाद वितरण कराया जा रहा है।

## सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती व इंदिरा गांधी ने किया भारत का निर्माण और बनाया प्रगतिशील: राजीव गुजराती



**सीहोर।** भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती व देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी पुण्यतिथि पर बस स्टेण्ड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती की अध्यक्षता एवं पूर्व ब्लाक अध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम वर्मा के विशेष अतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सर्वप्रथम सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं इंदिरा गांधी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस मौके पर ओम वर्मा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की अखंडता एवं एकता के लिए सरदार पटेल जी का योगदान सदियों तक याद रखा जाएगा। सैंकड़ों रियासतों में बटें आज़ाद भारत को एकता के धागे में पिरोकर भारत के एकीकरण में अहम भूमिका निभाने वाले लौह पुरूष, भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयंती एवं देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। राजीव गुजराती ने इंदिरा गांधी एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी को याद करते हुए कहा कि शक्ति, संकल्प और सशक्त नेतृत्व की मिसाल रहीं इंदिरा गांधी भारतीयों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। संचालन सुनील दुबे ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से ओम वर्मा, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजेन्द्र वर्मा, राजाराम बड़े भाई, सीताराम भारती, ओम बाबा राठौर, दिनेश भैरवे, मारूति राव, राजेश भूरा यादव, विवेक राठौर, निशांत वर्मा, मुनव्वर मामू, घनश्याम यादव, घनश्याम मीणा, मनोज पटेल, रामायण प्रसाद शुक्ला, योगेन्द्र राय, प्रेम नारायण परमार, मांगीलाल टिमरई, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, ममता शर्मा, दिपिका शर्मा, पूरन मालवीय, ब्रजेश पाटिदार, गजराज परमार, ओम सोनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## श्रेणी तप की तपस्वी सुमित्रा बेन सिंघवी की तपस्या के निमित्त रथयात्रा आज निकलेगी

**नलखेड़ा।** स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चल रहे चातुर्मास के दौरान विभिन्न तप आराधना के साथ सुमित्रा बेन सिंघवी की 110 दिन की श्रेणी तप की तपस्या चल रही है। जिसके अनुमोदनार्थ पांच दिवसीय स्वर्णिम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत 2 नवंबर को परमात्मा की रथयात्रा के साथ तपस्वी की शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। अन्य धार्मिक आयोजन भी संपन्न होंगे।



नलखेड़ा की धरा पर रत्ननिधि म.सा, पुण्यनिधि आदि ठाणा 5 की निश्रा में जैन श्वेतांबर समाज में विभिन्न तपस्याएं तथा अन्य धार्मिक गतिविधियां बड़े ही उल्लास भाव के साथ चल रही हैं। तपस्या की कड़ी में समाज की धर्मनिष्ठ सुश्राविका सुमित्रा बेन वीरेंद्र कुमार सिंघवी द्वारा 110 दिवसीय श्रेणी तप की कठोर तपस्या की जा रही है। इसी के साथ समाज में माता पद्मावती के सामूहिक एकासना चल रहे थे जिसका उद्यापन तथा नौ दिवसीय दादा गुरुदेव इकतीसा का कार्यक्रम भी चल रहा है। इसके निमित्त शुक्रवार को सर्व सिद्धि दायक पद्मावती महापूजन का कार्यक्रम हुआ। शनिवार को श्री चंदा प्रभु जिन मंदिरजी में प्रातःकाल परमात्मा का भक्तामर अभिषेक एवं दादा गुरुदेव पूजन का कार्यक्रम श्रेणी तप के तपस्वी सुमित्रा बेन सिंघवी परिवार की ओर से रखा गया। दोपहर में तपस्या के निमित्त महिलाओं की चौबीसी सांझी का कार्यक्रम पीहर पक्ष रतनलालजी, उम्मेदकुमारजी, प्रतापकुमारजी टाटिया परिवार भावनगर गुजरात की ओर से रखी गई। इसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं द्वारा भाग लेकर प्रभु भजनों के साथ तपस्या पर प्रस्तुति दी गई।

रात्रि 7:30 बजे से उपाश्रयजी में तपस्वी का वधावना एवं प्रभु भक्ति का कार्यक्रम हुआ। इसमें संभव जैन सीतामऊ द्वारा संगीत की स्वर लहरियों के साथ प्रभु भक्ति की प्रस्तुति दी गई। 2 नवंबर रविवार को तपस्वी परिवार की ओर से शासन माता पूजन होगा। तत्पश्चात प्रातः 9 बजे आराधना भवन से परमात्मा की भव्य रथ यात्रा के साथ तपस्वी की शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी। रथयात्रा मैं तपस्वी को सुसज्जित रथ में विराजित किया जाएगा। विभिन्न मार्गो से होती हुई रथ यात्रा जैन आराधना भवन पहुंचेगी। जहां अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम होगा। तत्पश्चात जैन धर्मशाला में स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम लाभार्थी अरविंद कुमार, अरुण कुमार, स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार सिंघवी परिवार की ओर से रखा गया है।

### पद्मावती माता को छप्पन भोग के साथ एकासने का उद्यापन भी हुआ

# सर्व सिद्धि दायक पद्मावती महापूजन कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चातुर्मास के दौरान विभिन्न धार्मिक गतिविधियां तथा तपस्या चल रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को सर्व सिद्धि दायक मां पद्मावती महापूजन कार्यक्रम के साथ पद्मावतीजी के 16 शुक्रवार के चल रहे एकासने का उद्यापन हुआ। आराधकों द्वारा पद्मावती माता के समक्ष छप्पन भोग लगाया गया।

नलखेड़ा की धरा पर रत्ननिधि म.सा, पुण्यनिधि म.सा आदि ठाणा 5 की निश्रा में जैन श्वेतांबर समाज में विभिन्न तपस्याएं तथा अन्य धार्मिक गतिविधियां बड़े ही उल्लास भाव के साथ चल रही है। साध्वी मंडल की प्रेरणा से समाज में माता पद्मावती के सामूहिक एकासने प्रति शुक्रवार को हो रहे थे। जिसमें 80 से अधिक





आराधकों द्वारा 16 शुक्रवार के एकासने किये। 31 अक्टूबर को अंतिम शुक्रवार का एकासना व पद्मावती महापूजन लाभार्थी आशीषकुमार, अजयकुमार धर्मचंद सुराणा एवं सुरेशकुमार पुनीतकुमार काठेड़ परिवार की ओर से रखा गया। पूजन साध्वी मंडल द्वारा विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ संपन्न करवाया गया। साथ ही पद्मावतीजी





के 16 शुक्रवार के चल रहे एकासने का उद्यापन भी हुआ। आराधकों द्वारा पद्मावती माता के समक्ष छप्पन भोग लगाया गया। इस अवसर पर पद्मावती आराधकों का विशिष्ट बहुमान लाभार्थी शांतिलाल मनोजकुमार फाफरिया (सराफ) परिवार की ओर से किया गया। 16 शुक्रवार से जिस प्रतिमा के समक्ष आराधकों द्वारा पद्मावती माता की आराधना की गई। उसको लाभार्थी महेशकुमार दिलीप कुमार माणकचंद ठाकुरिया परिवार के घर पर ले जाकर स्थापित किया गया।

## खबर संक्षेप

### किशोरी आई रेल के इंजन की चपेट में

**देवास।** शहर के चाणक्यपुरी रेलवे फाटक के पास शनिवार को एक 17 वर्षीय किशोरी ट्रेन इंजन की चपेट में आ गई। हादसे में उसका एक हाथ कट गया। घायल को जिला अस्पताल से इंदौर रेफर किया गया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मुखर्जी नगर निवासी की बेटी सुबह रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। तभी इंदौर की ओर जा रहा ट्रेन इंजन वहां से गुजरा और किशोरी उसकी चपेट में आ गई। आरपीएफ उपनिरीक्षक संजय मीणा के अनुसार, किशोरी पटरी के बीच चल रही थी। इंजन चालक ने हॉर्न बजाया, लेकिन वह ट्रैक से नहीं हटी। इमरजेंसी ब्रेक लगाने के बावजूद वह टकरा गई और गंभीर रूप से घायल हो गई।

### खाटू श्याम जन्मोत्सव पर सजा मंदिर, उमड़ी भक्तों की भीड़

**देवास।** जिले के अमृत नगर स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर में एकादशी के अवसर पर शनिवार को श्याम बाबा का जन्मोत्सव मनाया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर समिति ने 50 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान जताया है। इस अवसर पर श्याम प्रभु का अलौकिक श्रृंगार चंदन, केसर, चमेली और मोगरा के फूलों से किया गया है। बाबा के समक्ष 56 भोग अर्पित किए गए। दोपहर 12 बजे भोग आरती हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्याम भक्त शामिल हुए। शाम के समय भक्तों के लिए शीश के दानी बाबा श्याम की पवित्र ज्योत प्रज्वलित की गई। मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा और फूलों से सजाया गया है। शाम को भजन गायक हिमांशु विजयवर्गीय और हरिओम उपाध्याय बाबा श्याम के भजनों का गुणगान किया। मंदिर समिति द्वारा भक्तों के दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की गई। खाटू श्याम मंदिर के संस्थापक श्याम शर्मा ने बताया कि आज बाबा श्याम का जन्मोत्सव है। राजस्थान के खाटू श्याम जी में श्याम कुंड में इसी दिन बाबा का शीश प्रकट हुआ था। देवास में मंदिर की स्थापना को 17 वर्ष पूरे हो गए हैं और तब से ही इस दिन बाबा का विशेष श्रृंगार किया जाता है।

### मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर देशभक्ति और सांस्कृतिक गतिविधियां हुई आयोजित

# जल संसाधन विभाग मंत्री सिलावट के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया दिवस

### समाज की दशा और दिशा शिक्षा के माध्यम से बदली जा सकती हैं - मंत्री सिलावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जल संसाधन विभाग मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तर पर मल्हार स्मृति मंदिर देवास में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और देशभक्ति गीतो की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश गान से हुआ। इसके पश्चात लोक गायक शंकरलाल धौलपुरिया एवं टीम ने सांस्कृतिक और देशभक्ति गीतो की प्रस्तुतियां दी। घुंघरू नृत्य संस्थान की बालिकाओं द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में देवास विधायक गायत्री राजे पवार, हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, बागली विधायक मुरली भंवरा, महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, दुर्गेश अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, आयुक्त नगर निगम दलीप कुमार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, पत्रकार एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।




#### देश का हृदय स्थल मध्यप्रदेश

मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि देश का हृदय स्थल मध्य प्रदेश है। आज हम सबके लिए बहुत बड़ा दिन हैं, सभी को बहुत बधाई। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार द्वारा प्रदेश में लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। डबल इंजन की सरकार में प्रदेश में प्रगति, उन्नति हो रही है। सरकार द्वारा आत्म निर्भर और विकसित भारत के लिए कार्य किया जा रहा है। विकसित भारत और मध्य प्रदेश आपके सहयोग से होगा। देश की आत्म गांव में बस्ती हैं। देश का विकास जब होगा जब गांव का विकास होगा। प्रदेश में हर गांव में सड़क है, बिजली मिल रही हैं। गांवों में घर घर पानी दिया जा रहा है। सिलावट ने कहा कि गेहूं उत्पादन में हमारे किसानों ने पंजाब को पीछे छोड़ दिया है। समाज की दशा और दिशा शिक्षा के माध्यम से बदली जा सकती हैं। प्रदेश में विश्वविद्यालय, विद्यालय बनाए जा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति शुरु की गई। प्रदेश सरकार द्वारा सबसे पहले नई शिक्षा नीति लागू की गई। प्रदेश में 17 मेडिकल कॉलेज है, पीपीपी मोड़ पर कार्य कर मेडिकल कॉलेज बनाई जाएगी। आयुष्मान योजना से 5 लाख रुपए तक का नि शुल्क ईलाज किया जा रहा है। लाडली बहनों को लाडली बहना योजना का लाभ दिया जा रहा है। देश और प्रदेश के किसानों को किसान सम्मान निधि दी जा रही हैं। प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाया गया है। 55 लाख हेक्टेयर में सिंचाई की जा रही है। आने वाले साल में 65 लाख हेक्टेयर में सिंचाई की जाएगी। केन– बेतवा लिंक से बुंदेलखंड के जिलों की तस्वीर बदलेगी। प्रधानमंत्री आवास योजना से 04 करोड़ मकान प्रदेश में बनाए गए। जल जीवन मिशन से घर घर पानी दिया जा रहा है। स्वच्छता के लिए कार्य किया जा रहा है। स्वच्छता में देवास को भी पुरस्कार मिला है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक एक पेड़ मां के नाम अवश्य लगाए। जल संसाधन विभाग मंत्री सिलावट ने मल्हार स्मृति मंदिर में पौधा रोपण भी किया।



#### मध्यप्रदेश परिपूर्ण प्रदेश

विधायक गायत्री राजे पवार ने कहा कि मध्य प्रदेश एक परिपूर्ण प्रदेश है। प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा, सड़क, बिजली हर विभाग में अच्छा कार्य किया जा रहा है। घर–घर नल से पानी दिया जा रहा है। किसानों को खेतों में फसलों के लिए पानी दिया जा रहा है। प्रदेश में बालिकाओं को आगे बढ़ाया जा रहा है, उन्हें सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश में कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं नहीं है जिसमें हम पीछे हैं। प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रदेश और जिले में कईं विकास कार्य किए जा रहे हैं। हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में लगातार विकास के कार्य किए जा रहे। प्रदेश सरकार द्वारा कई जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं आगे बढ़ाया जा रहा। आत्म निर्भर भारत के लिए कार्य किए जा रहे हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम में आजीविका मिशन की स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम का संचालन अरविंद त्रिवेदी ने किया।

## मोटरसाइकिल चोरी होने की झूठी रिपोर्ट करने वाले फरियादी से ही पुलिस ने किया वाहन बरामद

### किश्त न भरने पर लिखवाई थी रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना नाहर दरवाजा पर फरियादी अभिजीत देव ने 25 जुलाई 24 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई मछली मार्केट मीठा तालाब देवास से उसकी मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 41 जेड डी 1488 चोरी हो गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना नाहर दरवाजा पर अपराध क्रमांक 250/2024 धारा 379 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। चोर को पकड़ने के लिए प्रभारी नाहर दरवाजा मंजु यादव के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान लगभग डेढ़ साल बाद दिनांक 31 अक्टूबर को 25 को विश्वसनीय मुखबिर सूचना के आधार पर फरियादी अभिजित देव पिता शशिकांत देव उम्र 44 साल निवासी सनसीटी 2 देवास के कब्जे से उपरोक्त मोटर साईकिल बरामद की गई । फरियादी ने पुछताछ में बताया कि मेरा सिबिल स्कोर खराब होने के कारण अपने दोस्त प्रतीक देशमुख पिता संभाजी राव देशमुख निवासी 73 सिद्दराज नगर के नाम से मोटर साईकिल फाईनेंस पर खरीदी थी एवं किश्त समय पर भरने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन फरियादी द्वारा वाहन की किश्त समय पर जमा नही करने पर,उसके दोस्त प्रतीक के द्वारा किश्त भरने के लिए परेशान करने पर,फरियादी ने मोटर साईकिल चोरी होने की झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाकर वाहन स्वामी एवं पुलिस को गुमराह किया। आरोपी अभिजित के कब्जे से मोटर साईकिल जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी थाना नाहर दरवाजा निरीक्षक मंजु यादव, प्रआर भगवान सिंह राठौर, आर विकाश पटेल, विशाल की सराहनीय भूमिका रही ।

### बाल पथ संचलन निकलेगा आज

**देवास।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा रविवार को बाल स्वयं सेवकों का विराट पथ संचलन शहर में निकलेगा। भजन गायक संजय कुमार जैन 'लख्खाजी' ने बताया कि पथ संचलन का स्थानीय पिपली बाजार चौराहा पर स्थित श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर परिसर से श्री पिपलेश्वर महादेव भक्त मंडल एवं सेवा समिति के तत्वावधान में वन्दे मातरम व भारत माता की जय घोष एवं पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया जाएगा।

### मंत्री सिलावट ने खातेगांव पहुंचकर विधायक शर्मा के घर शोक संवेदना व्यक्त की

**देवास।** जल संसाधन विभाग मंत्री तुलसीराम सिलावट ने खातेगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष शर्मा की माता सुशीला गोविन्द शर्मा के निधन पर कन्नौद में उनके घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की व विधायक शर्मा की माता के निधन पर श्रदांजलि अर्पित की। इस दौरान अन्य जनप्रतिनिधि एवं परिवारजन उपस्थित थे।

## राजस्व व खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल ने कार्रवाई कर 19 घरेलू गैस सिलेंडर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश अहिरवार ने बताया कि घरेलू गैस सिलेण्डरों का दुरूपयोग रोकने हेतु राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल ने सोनकच्छ में पुराने बायपास रोड स्थित अम्बाराम मिस्त्री के मकान में संचालित दुकान की जांच की। जांच समय उपस्थित आयुष पिता राजू गुप्ता निवासी मोदी कोलोनी सोनकच्छ द्वारा बताया गया कि का संचालन तैयब अली पिता हैदर अली द्वारा किया जाता है।

जांच के दौरान दुकान में अवैध रूप से संग्रहित 19 घरेलू गैस सिलेण्डर बीपीसीएल कंपनी के (7 भरे 12 खाली) रखे पाए गए। दुकान में 1 विद्युत चलित गैस अंतरण मशीन जो कि एक पाईप के माध्यम से गैस रेग्यूलेटर से संबद्ध होकर खरी पाई गई, जिसका उपयोग गैस सिलेण्डरों में भरी गैस को वाहनों के टैंक में गैस अंतरित करने हेतु उपयोग किया जाना आयुष पिता राजू गुप्ता स्वीकार किया गया है। जांच के दौरान तैयब अली भी मौके पर उपस्थित हुआ। जांच दल द्वारा दुकान में पाये गये 19 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं 1 गैस रिफिलिंग मशीन को जब्त कर जप्ती पत्रक तैयार किया गया। जब्त सामग्री की कुल कीमत 49 हजार 974 रूपये है। मौके से जप्त 19 घरेलू गैस सिलेण्डर एवं 1 विद्युत चलित गैस रिफिलिंग मशीन मय पाईप को अन्नपूर्णा गैस एजेन्सी सोनकच्छ की सुपुर्दगी में दिये गये। कार्यवाही में तहसीलदार सोनकच्छ ज्योति जाटव, नायब तहसीलदार सोनकच्छ कपिल गुर्जर एवं सहायक आपूर्ति अधिकारी सोनकच्छ धर्मेन्द्र वर्मा शामिल रहे।



## ऑपरेशन मुस्कानः सीएसपी ने छात्राओं से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रदेश के मुखिया मोहन यादव के आदेशानुसार 1 नवम्बर से संपूर्ण प्रदेश में "ऑपरेशन मुस्कान" विशेष अभियान 1 माह की अवधि के लिए प्रारंभ किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य किशोरावस्था में घर से भागने वाले बालक-बालिकाओं का पता लगाकर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिजनों के सुपुर्द करना तथा समाज में इस समस्या के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना है। जिले में यह अभियान एडीजीपी उज्जैन उमेश जोगा एवं डीआईजी उज्जैन रेंज नवनीत भसीन के मार्गदर्शन में एसपी पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत पुलिस द्वारा न केवल लापता बच्चों की खोज हेतु सक्रिय प्रयास किए जा रहे है, बल्कि प्रत्येक विद्यालय एवं महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को यह संदेश दिया जा रहा है कि किसी भी परिस्थिति में घर से भागना समस्या का समाधान नहीं है। साथ ही उन्हें जीवन की कठिन परिस्थितियों का सामना करने, संवाद स्थापित करने तथा सहायता प्राप्त करने के सकारात्मक उपायों से अवगत कराया जा रहा है।इसी कड़ी में अभियान अंतर्गत शासकीय राधाबाई विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सीएसपी सुमित अग्रवाल द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित किया गया। अग्रवाल ने किशोरावस्था में उत्पन्न मानसिक दबाव, पारिवारिक संवाद के महत्व एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के तरीकों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों से जीवन की कठिन परिस्थितियों का साहसपूर्वक सामना करने का आग्रह किया।



### बीमा हास्पिटल चौराहा से कर्मदीप स्कूल तक का मार्ग हुआ बदहाल

# पार्षद ने गुलाब देकर वैकल्पिक मार्ग से जाने किया निवेदन






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बीमा हास्पिटल चौराहा से कर्मदीप स्कूल तक की सड़क पूरी तरह से बदहाल हो चुकी है, जो कि अब नागरिकों के लिए खतरनाक हो गई है इस मार्ग पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। उक्त मार्ग पर गहरे गड्ढे, टूटी हुई सड़क के कारण कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और लोगों का इस पर चलना विशेषकर स्कूल जाने वाले बच्चे, माता-पिता और बुर्जुगों के लिए कठिन हो गया है।

कांग्रेस पार्षद पं. दीपेश कानूनगो ने बताया कि पहले भी हमने इस समस्या को लेकर पोस्टकार्ड अभियान चलाया, सोए हुए अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के लिए सद्बुद्धि हवन कराया और कई बार अनुरोध भेजे जाने के बावजूद नगर निगम, संबंधित विभाग व स्थानीय प्रतिनिधि सक्रिय नहीं हुए। स्थिति पहले से अधिक बिगड़ चुकी है। हमने बार-बार आवाज उठाई, पत्र भेजे और जनहित के लिए कदम उठाए।

पं. कानूनगो ने स्थानीय लोगों को सड़क दुर्घटना से बचाने तथा अधिकारियों को जगाने के उद्देश्य से 1 नवम्बर को राहगीरों, बस ड्राइवरों, अन्य वाहन चालकों, बच्चों व उनके पालकों को गुलाब के फूल बांटे और निवेदन किया कि जब तक स्थिति सुधरती नहीं तब तक संभव हो तो इस मार्ग से यात्रा न करें अथवा वैकल्पिक मार्ग अपनाएं। इस पर राहगिरों एवं वाहन चालकों ने कानूनगो से कहा कि हम लोग भी इस मार्ग से काफी परेशान हो गए है। हमारे द्वारा सभी तरह के टेक्स दिए जाते है उसके बाद भी इस मार्ग की हालत नहीं सुधर रही है, हमारे द्वारा दिए गए टेक्स के पैसे का पूरा दुरूपयोग हो रहा है। कानूनगो ने बताया कि लगभग 6 माह पूर्व महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि इस मार्ग निर्माण के लिए 7 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेज दिया गया है लेकिन आज दिनांक तक यह प्रस्ताव पारित नहीं हो पाया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने पूर्व में इस मार्ग के सुधारीकरण हेतु मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा था, जिलाध्यक्ष का निवास भी इसी मार्ग पर आता है। राज्य और केन्द्र में बीजेपी की सरकार है उसके बाद भी आज तक यह प्रस्ताव पारित नहीं करवा पाए हैं।

इस मार्ग से कई कालोनियां एवं स्कूल जुड़े हुए है। इस मार्ग पर यातायात भी अधिक रहता है। कानूनगो ने कहा कि इस मार्ग पर जो दुर्घटनाएं हो रही है उसका जवाबदार कौन होगा। कानूनगो ने बताया कि अभी तो हमने गांधीगिरी चलाकर लोगों को गुलाब के फूल देकर निवेदन किया है लेकिन जल्द ही इस मार्ग के हालात नहीं सुधरते है तो हमारे द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर महेन्द्र ठाकुर, मोनू चौहान, ऋषभ यादव, लोकेश गौड़, अनिकेत माली, प्रथम पंवार, मेघल चौहान, चिराग सोनी, मुकेश करोले आदि उपस्थित रहे।

## भगवान शालिग्राम, माता तुलसी का हुआ विवाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

देवउठनी ग्यारस पर नगर की महिला मंडल द्वारा भगवान शालिग्राम एवं माता तुलसी का विवाह संपन्न हुआ। भगवान शालिग्राम नगर के बाबा बैजनाथ मंदिर वार्ड क्रमांक 5 स्कूल वाली गली से अपनी बारात लेकर निकले। मंदिर प्रांगण से बारात में मंदिर पुजारी सहित महिला एवं बच्चे सम्मिलित हुए। वही भगवान शालिग्राम का नगर में जगह जगह महिला एवं पुरुषों ने स्वागत कर पूजन आरती की। कई जगह फूल माला पहना कर चाय काफी से भी बारातियों का और भगवान का स्वागत किया गया। बाबा बैजनाथ मंदिर से प्रारंभ हुई बारात रपट मार्ग एमजी रोड से होते हुए छोटा हनुमान चौक अन्नपूर्णा चौक से नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस बैजनाथ मंदिर पहुंची जहां पर भगवान शालिग्राम का फूल माला तिलक कर पूजन आरती की गई। तत्पश्यात भगवान शालिग्राम माता तुलसी गन्ने के विवाह मंडप में पहुंचे जहां पंडित जी ने मंत्र उच्चारण के साथ माता तुलसी से उनका विवाह विधि विधान के साथ संपन्न करवाया। वही भगवान शालिग्राम माता तुलसी विवाह को लेकर के नगर के लोगों में काफी उत्साह देखा गया। मान्यता है कि एक देवउठनी एकादशी के दिन तुलसी और विष्णु के प्रतीक भगवान शालिग्राम का विवाह कराया जाता है ऐसा माना जाता है कि इस विवाह को कराने से भगवान विष्णु की कृपा मिलती हैं और जीवन में सुख समृद्धि आती हैं।

## खबर संक्षेप

### रास्ते में रोककर हमला करने, धमकी देने का आरोप

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला रीवा अंतर्गत थाना सेमरिया के ग्राम झगरहा निवासी प्रतीक कुमार मिश्रा पुत्र सीताराम मिश्रा ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 30 अक्टूबर को रात करीब 9 बजे वह अपने साथी मध्य प्रदेश के जिला दतियां अंतर्गत थाना बड़ौनी के ग्राम बड़ौनी खुर्द निवासी संदीप राजा पुत्र मुलायम सिंह परमार व ललितपुर के मोहल्ला तालाबपुरा निवासी सजन पुत्र मनोज कुमार के साथ ग्राम खिरकन बांसी से वापस इलाइट चौराहा के पास चरक अल्ट्रासाउण्ड वाली गली में शिवम हाउस की ओर आ रहे थे। रास्ते में अमर पैलेस के पास योगी रजक, उत्कर्ष साहू अपने कुछ अज्ञात साथियों के साथ मिले, जिन्होंने उन्हें देखकर गालियां दीं। मना करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। हमले के दौरान संदीप राजा को गंभीर चोटें आयीं हैं। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### विधायक ने यूट्यूबर फेसबुक संचालकों के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**ललितपुर।** किसानों की समस्याओं को लेकर शासन को अवगत कराने के मामले को लेकर बबीना विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार की छवि धूमिल करने के लिए अपराधिक कृत्य करने के आरोप में बबीना थाना पुलिस ने चार फेस बुक संचालक और यूट्यूबरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है बबीना क्षेत्र विधायक राजीव सिंह पारीछा ने बबीना थाना में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बबीना विधान सभा के किसानों की जमीन बीड़ा में जाने पर किसानों को मुआवजा देर से मिलने पर उनके द्वारा मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन उन्हें प्रेषित किया गया था जिसे आपराधिक षडयंत्र के तहत तोड़ मरोड़ कर बबीना विधायक राजीव सिंह तथा उत्तर प्रदेश सरकार की छवि धूमिल करने के लिए फेसबुक आई डी आकाश राठौर, फेसबुक आई डी धारक नवकुंज समाचार, फेसबुक आई डी धारक एसएस आर चौपाल, फेसबुक आई डी विक्की शर्मा झांसी स्मार्ट सिटी झांसी पर प्रकाशित की पुलिस ने सभी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

### बाल विवाह रोकने जागरुकता कार्यक्रम

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विनिता लोढा कांसवा के निर्देशन में आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआखेड़ी एवं पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल अटारीखेजड़ा में बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई

**कुरवाई।** भारत के प्रथम गृहमंत्री,भारत रत्न सरदार वल्लभ पटेल की जयंती कुरवाई विधायक कार्यालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, विधायक हरि सिंह सप्रे अतिथि उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने कहा कि आज का भारत जिस मजबूती से खड़ा है, उसका श्रेय सरदार पटेल जैसे महान नेताओं को जाता है।

## जिलाधिकारी ने दिखाए तेवर, जन शिकायतों का निस्तारण समय सीमा में हो

# जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे : डीएम

## प्रतिस्थानी भेजकर अनुपस्थित रहने वाले 7 अधिकारियों का स्पष्टीकरण किया तलब




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनशिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दृष्टिगत शनिवार को नवागंतुक जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सदर तहसील में आयोजित अपने पहले संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जहां मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए जनशिकायतों का निस्तारण कराया, तो वहीं लापरवाह अधिकारियों को कड़े रुख में फटकार भी लगाई। जिलाधिकारी ने साफ शब्दों में कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जायेंगे।

उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिस्थानीय भेजकर अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेते हुए एक दिन का वेतन रोका जाए, जनसुनवाई के दौरान अधिशासी अभियंता राजघाट निर्माण खण्ड, अधिशासी अभियंता विद्युत शहरी एवं ग्रामीण, उपायुक्त उद्योग, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, जिला पर्यटक अधिकारी एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी की अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण तलब करते हुए कारण बताने के निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने जनसुवाई करते हुए अतिक्रमण व अवैध कब्जों के मामलों में राजस्व व पुलिस अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर शिकायतों का निस्तारण कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी निस्तारण के दौरान स्वयं मौके पर मौजूद रहें और शिकायतकर्ता के सामने ही निस्तारण करायें। इसके अलावा कोई भी अधिकारी बिना हमारी अनुमति के मुख्यालय छोड़कर नहीं जायेगा, इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

### निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ दिलाने के निर्देश

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान नेहरुनगर निवासी शिकायतकर्ता तुलसाराम द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि उनके पुत्र की विद्युत पोल सुधारते समय करण्ट लगने से मृत्यु हो गई है और उसे अभी तक सम्बंधित ठेकेदार के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हुई है, जिस पर जिलाधिकारी ने मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए शिकायतकर्ता को पारिवारिक लाभ एवं मृतक की पत्नी को निराश्रित महिला पेंशन योजना का लाभ दिलाये जाने हेतु जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया, वहीं उप जिलाधिकारी को प्रकरण में जांच कर दोषी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिये गए।

### विद्युत विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाई

शहर के एक शिकायतकर्ता ने स्मार्ट मीटर से एक माह का 40 हजार बिल बनाये जाने की शिकायत की, जिस पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लगभग हर जनपद में इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रहीं हैं, इस पर लगाम लगनी चाहिए, इस प्रकरण की जांच कर विद्युत बिलों को ठीक करायें और दोषी पाये जाने पर सम्बंधित मीटर रीडिंग एजेन्सी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करायें। सदर तहसील के ग्राम गैंदोरा निवासी शिकायतकत्री गैंदा पत्नी रामचरण ने बताया कि उसकी जमीन पर विपक्षी द्वारा कब्जा किया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर और तहसीलदार को मौके पर पहुंचकर पैमाइस कराने के निर्देश दिये। ब्रेनट्यूमर से पीढ़ति शहर निवासी व्यक्ति द्वारा आर्थिक सहायत की मांग करने पर जिलाधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पीढ़ति व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाने व बेहतर उपचार दिलाने के निर्देश दिये।

### संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतें

तहसील ललितपुर में कुल 52 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 14, पुलिस विभाग के 2, विद्युत के 7 तथा अन्य विभागों के 29 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 11 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील तालबेहट में कुल 95 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 16, विकास के 9, पुलिस के 32, पूर्ति के 16, विद्युत के 5, नगर पंचायत का 1 तथा अन्य विभागों के 16 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 13 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील महरौनी में कुल 11 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 4, पुलिस का 1, पूर्ति के 2, विद्युत का 1 तथा अन्य विभागों के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 1 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील मड़ावरा में कुल 21 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 11, विकास विभाग का 1, पुलिस के 5 तथा अन्य विभागों के 4 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 2 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील पाली में 16 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 4, पुलिस के 11 तथा अन्य विभाग का 1 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 1 का मौके पर निस्तारण कराया गया। पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी गौतम सिह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, पीडी डीआरडीए दीपक यादव, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्रा मौजूद रहे।

## दोस्त बन फोन की जानकारी ली

# ट्रांजैक्शन कर 32 हजार रुपए हड़पने का आरोप

**ललितपुर।** दोस्त बनकर पहले विश्वास जीता और फिर मोबाइल फोन की गोपनीय जानकारी हांसिल कर धोखाधड़ी से कथित तौर पर रुपयों का ट्रांजेक्शन कर साइबर अपराध को अंजाम दे दिया गया। मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस व आलाधिकारियों से की गयी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी।

क्षुब्ध पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली है, अब न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने नामजद मुकद्दमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। शहर क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला चौबयाना निवासी सत्यम शंकर कुशवाहा पुत्र ओमप्रकाश ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दावा प्रस्तुत किया है। सत्यम शंकर ने न्यायालय को अवगत कराया कि मोहल्ले में पीली कोठी के पास रहने वाला आकाश कंचन (कुशवाहा) पुत्र अनिल कंचन उसका मित्र है और प्रतिदिन मिलना-जुलना था। बताया कि विश्वास में लेकर आकाश कंचन ने उसके मोबाइल फोन के पासवर्ड, यूपीआई आई.डी., पिन आदि गोपनीय जानकारी ज्ञात कर ली। आगे बताया कि 19 मई से 11 जून के मध्य आकाश कंचन ने उसके मोबाइल फोन का दुरुपयोग कर, बिना अनुमति के लगभग 32 हजार रुपये की राशि यूपीआई के माध्यम से अन्य खातों में स्थानान्तरित कर दी। 16 जून को उसे जब जानकारी हुयी, जब उसने स्वयं ट्रांजेक्शन करने का प्रयास किया, परन्तु खाते में कोई राशि नहीं थी। पूछताछ करने पर आकाश कंचन ने ट्रांजेक्शन करने से इंकार कर दिया। अगले दिन 17 जून को सुबह 8 बजे वह अपने पिता ओमप्रकाश व भाई उमाशंकर कुशवाहा के साथ आकाश के घर पहुंचा और उसके परिजनों को इस धोखाधड़ी के बारे में बताया तो आकाश व उसके परिजनों ने गालियां दीं। आरोप है कि उक्त लोगों ने धमकाया कि जहां शिकायत करनी है कर दो, उन पर सत्ता पक्ष के नेताओं का हाथ है। इसलिए कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा। अधिक नेतागिरी दिखाओगे तो झूठे मुकद्में में फंसा दूंगा। मामले की शिकायत उसी दिन 17 जून को एसपी के समक्ष की गयी और रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र भेजा गया, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। कार्यवाही न होने से आकाश कंचन व उसके परिजन आये दिन धमकाते हुये झूठे मुकद्में में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। आरोप है कि उक्त लोग कई लोगों से इस प्रकार का धोखा कर सकते हैं। न्यायालय ने मामला गंभीरता से संज्ञान लेकर कोतवाली पुलिस को मुकद्दमा दर्ज कर कार्यवाही के निर्देश दिये। कोतवाली पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### शराब बेचने वाले को गांव समाज से बंद करेंगे

**ललितपुर।** ब्लाक बिरधा के ग्राम पंचायत अंडेला मे सर्वसमाज एकत्र हुए और फिर दुर्गा मंदिर पर पंचायत की गई, जिसमे शराब बन्दी करने पर विचार किया गया और गांव के सभी समाज के लोगो ने मिलकर सहमति जताई और गांव के युवा वर्ग के लोग महिलाओ समेत बुजुर्ग लोग सम्मलित होकर हस्ताक्षर कर सहमति जताई। निर्णय लिया कि गांव मे कोई व्यक्ति शराब बेचता पाया गया, तो उसपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी और गांव समाज से बन्द कर दिया जायेगा। शराब पीकर गाली-गलौज करेगा तो उसपर भी अर्थदण्ड और गांव समाज से बन्द कर दिया जायेगा और बेचने बाले पर 50000 का अर्थदण्ड और पीकर गाली-गलौज करने पर 5000 जुर्माना लगाया जायेगा।

## पटेल की 150वीं जयंती मनाई

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलाई गई पुलिस कर्मियों को शपथ



**ललितपुर।** भारतरत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस पर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने पुलिस लाईन में सरदार बल्लभभाई पटेलजी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई, तत्पश्चात उपस्थित पुलिस अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं राष्ट्र की सुरक्षा के प्रति समर्पित रहने की एकता शपथ दिलाई गई। एसपी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश के एकीकरण में जो अद्वितीय योगदान दिया, वह राष्ट्र इतिहास में सदैव स्वर्णाक्षरों में अंकित रहेगा।

उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, प्रशासनिक क्षमता एवं राष्ट्रहित सर्वोपरि की सोच आज भी सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। कहा कि पुलिस बल का प्रमुख दायित्व समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखना, सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करना एवं जनसुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसी भावना के साथ सभी पुलिस कर्मियों को अपने कर्तव्य पथ पर सदैव तत्पर रहकर कार्य करने का आह्वान किया गया। तत्पश्चात भारत के लौह पुरुष एवं राष्ट्रीय एकता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती पर एसपी मो.मुश्ताक के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी (एकता की दौड़) का भव्य आयोजन रिजर्व पुलिस लाइन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ राज्य महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल, एसपी मो.मुश्ताक हरी झण्डी दिखाकर दौड़ को रवाना करने के साथ हुआ। रन फॉर यूनिटी में राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक सदर रामरतन कुशवाहा, अन्य जनप्रतिनिधिगण, स्कूल, कालेजों के बच्चो, एनसीसी/स्काउट्स बच्चों, माडिया बन्धुओं, एएसपी कालू सिंह, क्षेत्राधिकारीगण सहित पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण एवं आमजन भी उपस्थित रहे।

# दूसरी महिला के चक्कर में पत्नी को घर से निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर क्षेत्र के मोहल्ला तालाबपुरा स्थित सुधासागर इंटर कॉलेज के पास रहने वाली स्वाति पुत्री गंगाराम सेन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि पांच साल पहले उसकी शादी तालाबपुरा बालाजी मंदिर में मौसम पुत्र गंगाराम के साथ हुयी थी। शादी के बाद पति मौसम, ससुर गंगाराम सेन, सास किरन, देवर आकाश, देवरानी चंचल सोनी व ननद वर्षा उसे परेशान करते आ रहे हैं।

स्वाति का आरोप है कि उसके पति मौसम के मोहल्ला चौबयाना निवासी दीपिका झां पत्नी विक्रांत के साथ सम्बन्ध हैं, जिसका उलाहना देने पर पति ने उसे धमकाया। मामले की जानकारी मिलने पर जब उसके माता-पिता ने ससुराल आकर उसके पति को समझाया तो पति ने उनके साथ गालियां देते हुये अभद्रता की और मंत्री के यहां काम करने की धमकी देते हुये

### कोतवाली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी। महिला ने बताया कि शादी के बाद उसे एक पुत्र हुआ, जिसे लेकर वह मायके आकर रहने लगी। यहां रहते हुये उसने नेमवि में प्रवेश लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन की तैयारी करने लगी, पढ़ाई के दौरान उसका नाम बीटीसी में आ गया। अब उसका पति उसे कोई सुविधा, खर्चा इत्यादि नहीं दे रहा है। करीब 2 माह से वह मायके में निवासरत है। बताया कि करवा चौथ की रात करीब 1 बजे मौसम अपने भाई आकाश के साथ घर ग्राम बिल्ला स्थित घर आकर अभद्रता की। इसके बाद पंचायत करने की बात कहने पर उक्त लोग जाने लगे, इसकी शिकायत थाना बानपुर में करने की बात कही तो उक्त लोगों ने उसके पुत्र को ले जाने का प्रयास किया। इसी बीच डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति ने धमकाया है कि उसकी पहुंच लखनऊ तक है, वह उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती। इसके बाद एक पंचायत तुवन मंदिर पर हुयी, जिसमें उक्त लोगों ने धमकाया। स्वाति की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 85, 352, 115 (2), 351 (3) व दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## प्राथमिक विद्यालय में वारदात

# आंगनबाड़ी केंद्र का पोषणआहार स्मार्ट क्लास की टीवी ले उड़े चोर

**ललितपुर।** प्राथमिक विद्यालय विद्याखेत में चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। इस सम्बन्ध में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका ने अमरपुर मण्डी चौकी पुलिस को तहरीर देकर एफआईआर दर्ज करायी है। मूल रूप से मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अंतर्गत थाना भौंती पिछोर के ग्राम महोबा निवासी ज्योति राजा पत्नी अरूण प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि वह प्राथमिक विद्यालय विघाखेत में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका पद पर तैनात हैं। बताया कि 29 अक्टूबर को वह विद्यालय के सारे ताले बंद करके घर चली गयी थी। इसके बाद 30 अक्टूबर को जब वह सुबह 8.40 बजे विद्यालय पहुंची तो देखा कि विद्यालय के सभी ताले टूटे पड़े हैं और विद्यालय के अंदर रखी हुई मध्याह्न भोजन की सामग्री में गैस चूल्हा, सिलेण्डर, कुर्सियां, स्मार्ट क्लास की टी.वी., म्यूजिक सिस्टम आदि चोरी हो गया है। इसके अलावा विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र से 2 बोरियां पोषणआहार, वजन मशीन, स्टेशनरी का सामान भी चोरी हो गया। इसके अलावा उन्होंने कई सामान चोरी होने की बात कही। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## 24 अक्टूबर को दर्ज कराई थी एफआईआर

# ढाबा संचालक ने फिर किया पत्रकार पर हमला

**ललितपुर।** ढाबा से अवैध शराब की बिक्री करने से मना करने पर विगत दिनों पत्रकार को रास्ते में रोकते हुये जानलेवा हमला करने को लेकर एफआईआर दर्ज की गयी थी। लेकिन बावजूद इसके अब ढ़ाबा संचालक ने फिर से पत्रकार पर हमला कर अपनी दबंगई का परिचय दिया है। पत्रकार ने ढ़ाबा संचालक पर फिर से मामला दर्ज कराते हुये सुरक्षा की मांग उठायी है। सिविल लाइन देवगढ़ रोड निवासी पत्रकार सम्भव सिंघई ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया कि बीती 24 अक्टूबर को शराब माफिया सुधीर अग्रवाल उर्फ भैया, उसके साले व एक अज्ञात ने मंदिर जाते समय उसे रास्ते में रोककर मारपीट की थी। प्रकरण में एफआईआर भी दर्ज करायी गयी थी, लेकिन प्रभावी कार्यवाही न होने के कारण अब सुधीर अग्रवाल पत्रकार को धमकी दे रहा है कि व उसके पिता को मंदिर जाते समय सिर पर पत्थर पटककर मार देगा। घर के दरबाजे पर पत्नी व पुत्री आती है तो उन्हें देखकर गालियां दे रहा है। पत्रकार ने बताया कि उसकी पत्नी बीएसए कार्यालय में संविदा पर कार्यरत है तो उसे भी जान से मारने की धमकी दे रहा है। इस प्रकार प्रतिदिन प्रताड़ित करते हुये शराब माफिया ढ़ाबा संचालक से पत्रकार मानसिक अवसाद में है और घर में भी भय का माहौल बना हुआ है। पत्रकार संभव सिंघई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सुधीर अग्रवाल उर्फ भैया के खिलाफ बीएनएस की धारा 352 व 351 (3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## ससुरालियों पर एफआईआर दर्ज

# छह लाख रुपए न मिलने पर पत्नी को करंट देकर मारने का प्रयास

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी संतोष कुमार पुत्र स्व.गनेश अहिरवार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है। पत्र में पीड़ित ने पुत्री के ससुरालियों पर अतिरिक्त दहेज में 6 लाख रुपये की मांग करने और रुपये न देने पर पुत्री को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए विवश करने जैसे गंभीर आरोप लगाये है। मामले में एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

संतोष ने बताया कि चार वर्ष पहले उसने अपनी पुत्री अनुराधा की शादी म.प्र. के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत थाना लिधौरा के गंज मुहल्ला बड़ा लिधौरा निवासी पुष्पेन्द्र पुत्र पप्पू अहिरवार के साथ अपनी हैसीयत अनुसार दान दहेज देकर की थी। आरोप है कि शादी के बाद ससुर पप्पू पुत्र रल्ली, सास शारदा, ननद क्रान्ति पत्नी हरदयाल, चांदनी पत्नी सुरेश, विनीत उर्फ कल्लो पत्नी स्वामी प्रसाद, करिश्मा पत्नी नीरज व पति पुष्पेन्द्र एकराय होकर उसकी पुत्री से अतिरिक्त दहेज में 6 लाख रुपये लाने की बात कहते हुये आये दिन मारपीट करने लगे। आरोप है कि

ससुरालियों ने उसकी पुत्री को इतना प्रताड़ित किया कि वह हाथ की नस काटने को विवश हो जाये। प्रताड़ित होकर उसकी पुत्री मायके आ गयी, लेकिन ससुरालियों ने माफी मांगी और पुत्री को घर ले गये। आरोप है कि ससुरालियों ने उसकी पुत्री को करंट देकर मारने का प्रयास किया और मरणासन्न होने पर उसकी पुत्री का वीडियो बनाकर उसके रिश्तेदारों को भेज दिया। लेकिन पीड़ित ने अपनी पुत्री को ले जाकर उपचार कराया और अब वह ठीक है। पीड़ित ने ससुरालियों पर गंभीर आरोप लगाते हुये पुत्री की जानमाल को खतरा बताया। संतोष की तहरीर व एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## दुर्घटनाओं को रोकने में स्वयं की जागरूकता भी आवश्यक : एसपी

# यातायात व्यवस्था सुधारने करें आत्ममंथन: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शनिवार को घंटाघर सीओ कार्यालय परिसर में यातायात माह नवम्बर 2025 का विधिवत शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक समेत अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्जवलन किया।

तदोपरान्त आयोजित संगोष्ठी में आमंत्रित अतिथियों ने अपने-अपने विचारों को रखते हुये यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाये जाने की दिशा में और बेहतर कार्य किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कहा कि यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए केवल पुलिस या अधिकारियों पर ही आश्रित न होकर पहले लोग स्वयं आत्ममंथन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी अच्छे कार्य की शुरूआत पहले खुद से की जाती है, इसलिए यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए पहले लोग स्वयं को बदलें और दूसरों को भी जागरूक करें। डीएम ने कहा कि दोषार्पण करना बहुत सरल कार्य



है, लेकिन लोग स्वयं भी अपनी जिम्मेवारी समझें और कार्य करें तो सरकारी अधिकारियों व पुलिस को भी मदद मिल सकेगी। डीएम ने स्पष्ट किया कि दुकानदारों व फुटपाथ पर व्यापार करने वाले लोगों से भी वार्ता की जायेगी, इसके बाद जो सरलतम उपाय होगा, उसे अमल में लाया जायेगा। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कहा कि यातायात नियमों का पालन हम सभी को कर्तव्य निष्ठा के साथ करना चाहिए। कहा कि आम तौर पर देखने में आ रहा है कि बाइक से बाइक की भिड़न्त हो रही है, जिसमें कई लोग घायल हो रहे हैं। इससे यह तो स्पष्ट है कि लोग तेज गति से वाहनों को चलाने में रूचि ले रहे हैं, लेकिन किसी भी कार्य को जाते हुये समय निकालकर जायें, जिससे दुर्घटना न हो। एसपी ने कहा कि ललितपुर में स्मार्ट सिटी की सुविधाएं देने के लिए करीब 14 चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों उनकी देखभाल के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। वहीं काली फिल्म लगाकर चार पहिया वाहन चलाने वालों पर भी कार्यवाही की जा रही है। कहा कि काली फिल्म को परिवार का स्टेटस सिम्बल न बनायें, कार पर काली फिल्म लगाना, यह गैर कानूनी है। एसपी ने कहा कि स्टंटबाजी के खिलाफ अभियान चलाते हुये अब ऐसे वाहन चालकों पर एफआईआर भी दर्ज करायी जा रही है और स्टंट करने वालों को जेल भी भेजा जा रहा है। एसपी ने स्पष्ट किया कि नाबालिग बच्चों को किसी भी दशा में वाहन न दें, अन्यथा अभिभावक भी सख्त कार्यवाही के लिए तैयार रहें, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जायेगी। हेलमेट की आवश्यकता पर बल देते हुये एसपी ने कहा कि दुर्घटना होने पर व्यक्ति की हेलमेट लगाने से प्राण अवश्य बच जायेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि ट्राफिक सिग्नल लाइटस को लेकर कार्य किया जायेगा। इसके अलावा एसपी ने शहर में फैले अतिक्रमण को लेकर भी शीघ्र ही स्थाई समाधान निकाले जाने की बात कही। इसके पहले सराफा व्यापारी मनमोहन जड़िया, पत्रकार अजय बरया, सौरभ गोस्वामी, अजय साइकिल, संजय ताम्रकार, मनीष अग्रवाल ने भी संबोधित किया। इस दौरान एएसपी कालू सिंह, सीओ यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अग्निशमन अधिकारी तबारक हुसैन मौजूद रहे।

मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न शहरों व अन्य स्थानों पर आयोजित हुई एकता दौड़

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर लिया एकता का संकल्प





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-ब्यावरा

स्वतंत्र भारत के पहले उप-प्रधानमंत्री एवं लौह पुरुष के नाम से पहचाने जाने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती जिले में एकता दिवस के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाई गई। इस दौरान जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न शहरों में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया एवं लोगों द्वारा राष्ट्र को एकसूत्र में बांधने सहित राष्ट्रीय एकता एवं सायबर सुरक्षा की शपथ दिलवाई गई। एकता दौड़ का आरंभ स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड से हुआ जो मंगल भवन पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौड़ में जिले के आलाधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्कूली छात्र-छात्राएं, आमजन सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मछुआ कल्याण एवं मतस्य पालन मंत्री नारायण सिंह पंवार, सांसद रोड़मल नागर ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए सरदार पटेल के बताए पदचिन्हों पर चलने का आव्हान किया। इस अवसर पर विधायक अमरसिंह यादव, कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू सहित अनेकों लोग उपस्थित थे।

### लीड महाविद्यालय में बनाई गई मानव श्रृंखला

इसी कड़ी में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजगढ़ में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मानव श्रृंखला बनाते हुए एकता की शपथ ली गई। वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ. मंगलेश सोलंकी द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विपिन बिहारी खरे, प्रकाश अहिरवार, डॉ. अखिलेश राय, डॉ. रजनी खरे, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. आभा आनंद, संतोष खरे, रासेयो जिला संगठन डॉ. शैलेंद्र मेवाड़ सहित अन्य उपस्थित थे।

### ब्यावरा में रन फॉर यूनिटी में पुलिसकर्मी, छात्र और नागरिक तिरंगे झंडे के साथ हुए शामिल

**ब्यावरा।** शुक्रवार को ब्यावरा में पुलिस, प्रशासन द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल से लेकर राजगढ़ बाइपास तक महाराणा प्रताप के प्रतिमा स्थल तक किया गया। रन फॉर यूनिटी के कार्यक्रम का शुभारंभ तहसीलदार सुभाष अलावे, एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने किया। इस दौड़ में पुलिसकर्मी, प्रशासन के अधिकारी, छात्र, छात्राएं और नागरिकों ने तिरंगे झंडे के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह आयोजन एकता और अखंडता का संदेश देने के उद्देश्य से किया गया था। इस दौड़ के आयोजन में ज्योति कॉन्वेंट स्कूल प्रोग्रेसिव हाइट्स स्कूल मानस हाई सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने भाग। रन फॉर यूनिटी का समापन राजगढ़ बाईपास स्थित महाराणा प्रताप के प्रथम स्थल पर किया गया जहां बच्चों के द्वारा और सभी नागरिकों के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान सरदार वल्लभ भाई पटेल अमर रहे भारत माता की जय महाराणा प्रताप की जय जैसे नारे बच्चों ने लगाए।

### *दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने पर बच्चों को किया पुरस्कृत*

*रन फॉर यूनिटी की दौड़ पर के दौरान बच्चों को प्रथम द्वितीय और तृतीय आने ट्रैफिक देकर सम्मानित किया गया। दौड़ में प्रथम रहे देव प्रताप कुशवाहा दूसरे नंबर पर मोहित यादव और तीसरे नंबर पर नैतिक मिश्रा रहे। कार्यक्रम का आभार थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ ने व्यक्त किया इस दौड़ में शामिल भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा मंडल अध्यक्ष राजू यादव पार्षद विष्णु साहू प्रोग्रेसिव स्कूल के संचालक योगेश अग्रवाल, सुठालिया थाना प्रभारी प्रवीण जाट करनवास थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह देहात थाना प्रभारी धर्मेंद्र शर्मा महामंत्री दीपक सामरे पटवारी श्रीमान नाथ पालीवाल सोनू जाटव गिर्राज लववंशी स्पोर्ट टीचर विद्या चौहान अमीन खान शिक्षक सुरेश साहू डॉ विष्णु दांगी गोलू शर्मा आदि बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।*

27 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं जीआरएस

## बारिश के बीच टेंट-तंबू में जारी है रोजगार सहायकों की हड़ताल



**राजगढ़।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े जिले की सभी 622 ग्राम पंचायतों के रोजगार सहायकों की बेमियादी हड़ताल अनवरत जारी है। गत 27 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे ये कर्मचारी अपनी मांगों पर अडिग हैं। जीआरएस संगठन पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक विभाग उनकी मांगे नहीं मानता तब तक उनकी यह हड़ताल जारी रहेगी।

मुख्यालय के खिलचीपुर नाका स्थित पार्क में बारिश के बीच टेंट-तंबू लगाकर ये हड़ताली कर्मचारी प्रशासन की तरफ से अपनी मांगों के सकारात्मक हल की आस लगाए बैठे हुए हैं। रोजगार सहायक संगठन जिलाध्यक्ष सागर सिंह गुर्जर ने बताया कि अनिश्चिकालीन हड़ताल को पांच दिन हो चुके हैं लेकिन अभी तक विभाग की तरफ से कोई उनसे बातचीत करने नहीं आया है।

### ये हैं रोजगार सहायकों की प्रमुख मांगें

ग्राम रोजगार सहायक संघटन पदाधिकारियों के अनुसार उनकी प्रमुख मांग है कि जिले में सचिव विहीन रिक्त ग्राम ग्राम पंचायतों के सचिवीय प्रभार ग्राम रोजगार सहायकों को सौंपें जाए। इसके साथ ही जनपद पंचायतों में अटैच रोजगार सहायकों को रिक्त ग्राम पंचायतों में पदस्थ किया जाए। ग्राम रोजगार सहायकों से अन्य विभागों का अतिरिक्त कार्य न करवाए जाए एवं रोजगार सहायकों के लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान करवाया जाए।

## नाबालिग को लेकर फरार हुआ आरोपी इटारसी से पकड़ाया



**राजगढ़।** विगत दिवस कालीपीठ थानाक्षेत्र के तहत आ रहे गांव से 16 वर्षीय किशोरी अचानक लापता हो गई थी। किशोरी के परिजनों द्वारा इस बारे में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। कालीपीठ थाना प्रभारी जीतेंद्र अजनारे ने बताया कि नाबालिग की दस्तयाबी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक टीम गठित करते हुए तलाश शुरू की गई। इस दौरान मोबाइल लोकेशन सहित अन्य सूचना तंत्रों से ज्ञात हुआ कि नाबालिग इटारसी में है। जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम रवाना हुई और नाबालिग इटारसी रेलवे स्टेशन से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। नाबालिग किशोरी को ब्यावरा देहात थाने के तहत आ रहे गांव चाठा निवासी विजय पिता रामबाबू गौड़ अपने साथ भगाकर ले गया था। पीड़िता के कथनों के आधार पर आरोपी विजय गौड़ पर धारा 87, 64(1) बीएनएस एवं 5(एल)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।


3 माह से नल-जल योजना बंद, लोगों को हो रही परेशानी

## नगर परिषद अध्यक्ष लामबंद, धरना-प्रदर्शन की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

3 महीने से बंद पड़ी नगर की जल आवर्धन योजना के चलते नगर परिषद अध्यक्ष ने आक्रामक रुख अपनाते हुए सोमवार को भोपाल स्थित एमपीयूडीसी कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। उनका आरोप है कि योजना के क्रियान्वयन में अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद ने स्पष्ट किया है कि वे योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग करेंगे।

उनका कहना है कि जब तक योजना को शुरू नहीं किया जाता और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक उनका धरना-




प्रदर्शन जारी रहेगा।? उल्लेखनीय है कि विगत दिनों नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा के नेतृत्व में अध्यक्ष प्रतिनिधि व अन्य पार्षद एमपीयूडीसी कार्यालय गए थे। नगर में नलजल योजना बंद पड़े तीन महिने होने को है, जिससे लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। योजना के तहत कुंवर चैनसिंह डेम से पानी लाया जा रहा है, लेकिन मोटर पम्प व पाइपों के क्षतिग्रस्त होने के कारण योजना विगत 2 महीनों से बंद पड़ी है।

इस योजना को 8 वर्ष से अधिक हो गए हैं, लेकिन अभी भी 25 कार्य अधूरा है। वर्ष 2016 में इस योजना की शुरुआत हुई थी और इसे 850 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य था, लेकिन अभी तक यह योजना पूरी नहीं हो पाई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कंपनी ने गुपचुप तरीके से नगर परिषद को योजना सौंप दी है और अभी तक योजना का कार्य पूरा नहीं हुआ है। जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बालाप्रसाद ने स्पष्ट किया कि जल आवर्धन योजना को हेडओवर करने की बात सरासर गलत है।

अभाविप ने गठित की लीड महाविद्यालय की कार्यकारिणी

## हर्षवर्धन अध्यक्ष व बुलबुल को मिला कॉलेज मंत्री का दायित्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शुक्रवार को लीड महाविद्यालय राजगढ़ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस कार्यकारिणी में हर्षवर्धन सिंह कॉलेज अध्यक्ष एवं बुलबुल सेन को कॉलेज मंत्री का दायित्व सौंपा गया है।

कार्यकारिणी गठन के अवसर पर जिला विस्तारक सौरभ प्रजापति, तहसील संयोजक मनीष बना एवं नगर अध्यक्ष डॉ. आराधना यादव उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मनीष बना ने कहा कि संगठन का उद्धेश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का





विकास करना है। जिला विस्तारक सौरभ प्रजापति ने कहा कि छात्र नेतृत्व केवल पद नहीं बल्कि जिम्मेदारी का प्रतीक होता है। नवगठित कार्यकारिणी में बंटी तंवर, शिवानी सूर्यवंशी, जतिन सोनगिरा को उपाध्यक्ष, तेजराज खिंची, रिषभ शर्मा, सुमित खिंची एवं राधेश्याम गौड़ को सहमंत्री बनाया गया है। इसी तरह एसडीएम संयोजक आनंद मेवाड़े, एसएफएस संयोजक गोवर्धन तंवर, कला मंच संयोजक काजल प्रजापति, कला मंच सह-संयोजक राजदीप संजोदिया, खेल भारत संयोजक देवराज वर्मा, सोशल मीडिया संयोजक एवं सह-संयोजक क्रमशः मनोज वर्मा एवं मनोज विश्वकर्मा को बनाया गया है। इसी तरह दीपक बामनिया, दीपक वर्मा, कार्तिक सौलंकी, लोकेश सोनी, अनमोल, माया दांगी, अनीता तंवर, कैलाश मालवीय को भी विभिन्न पद प्रदान किए गए हैं। इस अवसर पर जिला छात्रावास संयोजक आनंद शर्मा, जिला कलामंच प्रमुख अनीता तंवर, नगर मंत्री कुलदीप सिंगी, सहमंत्री वंशिका डुंगरिया, उदय राजपूत, आकाश मेवाड़ा आदि उपस्थित थे।

## मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ का सदस्यता अभियान व दीपावली मिलन समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल




मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का सदस्यता अभियान एवं दीपावली मिलन समारोह शनिवार को कृष्णा मैरिज गार्डन में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन प्रांत अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशन में किया गया, जिसमें संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन, जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना, संभागीय संयुक्त सचिव हरविंदर सिंह पाहुजा एवं जिला महासचिव राजा राठौर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत कालापीपल ब्लॉक कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना ने संघ की रीति-नीतियों और पत्रकार हितों को लेकर विस्तारपूर्वक विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ सदैव पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। संघ का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों को एकजुट कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सामूहिक रूप से संघर्ष करना है। वहीं संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि पत्रकार समाज की आंख और जुबान हैं, लेकिन आज पत्रकारों की सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और सम्मान की रक्षा सबसे बड़ी आवश्यकता है। पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू करवाने के लिए संघ निरंतर प्रयासरत है, ताकि पत्रकारिता करते समय किसी साथी को भय या दबाव का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघ प्रदेश स्तर पर सरकार से संवाद स्थापित कर रहा है और प्रदेश से लेकर ब्लॉक स्तर तक पत्रकारों के हितों की आवाज बुलंद कर रहा है।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, जिला सचिव कैलाश विश्वकर्मा, जिला सचिव सोनू सोनी, संयुक्त सचिव कन्हैयालाल चतुर्वेदी, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप माहेश्वरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष सुनील मेवाड़ा, कैलाशचंद्र नांदौड़ा, कोषाध्यक्ष भगवानसिंह अहिरवार, सचिव मनमोहन शर्मा, सहसचिव राजाराम बारोड, देवेन्द्र पाहुजा, योगेश दुबे व मुकेश अहिरवार सहित बड़ी संख्या में पत्रकार साथी मौजूद रहे। इस दौरान कालापीपल ब्लॉक के 17 पत्रकार साथियों ने मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात सभी सदस्यों का संभागीय अध्यक्ष मनोज जैन एवं जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना द्वारा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

## खुजनेर मंडी में कांग्रेस ने आवेदन सौंप भावांतर योजना की मांगी जानकारी

### भावांतर में न भाव के पते हैं न ही राशि के

**खुजनेर।** कृषि उपज मंडी में कांग्रेस पार्टी ने सूचना का अधिकार के तहत भावांतर योजना से जुड़ी जानकारी मांगी है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि प्रदेश सरकार किसानों को भावांतर योजना के तहत मिलने वाली राशि की स्पष्ट जानकारी देने में नाकाम रही है। किसानों के साथ झूठी हमदर्दी का ढोंग करने वाली मप्र सरकार की भावांतर योजना उनकी कमियों को उजागर कर रही है। जहां किसान आर्थिक संकट से जूझ रहा है वहीं भावांतर में न भाव के पते हैं न ही राशि के पते हैं। पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर ने बताया कि जब यह किसान अपनी फसल बेचने आ रहा भावांतर में बेच रहा तो यह पर पंजीयन वाले किसान की फसल 200 रुपए अधिक



में खरीदी जा रही बिना पंजीयन वाले किसान की 200 कम में खरीदी जा रही इनकी कथनी और करनी में काफी अंतर है। किसानों के साथ अन्याय किया जा इसकी हम घोर निंदा करते हैं। खुजनेर मंडी सचिव से यह जानकारी मांगी है कि भावांतर योजना में अब तक कितने पात्र किसानों को लाभ मिला है और उन्हें कितनी राशि का भुगतान किया गया है।

## रन फॉर यूनिटी अंतर्गत मैराथन आयोजित



**जीरापुर।** भारत की एकता और अखंडता के सूत्रधार आधुनिक भारत के शिल्पकार स्वतंत्रता सेनानी भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ आयोजित हुई। देश की एकता और अखंडता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए रन फॉर यूनिटी मैराथन दौड़ नगर के इंदर चैराहा से प्रारंभ हुई जो आवास कॉलोनी हटीले हनुमान मंदिर पर समापन हुआ।

नगर परिषद एवं पुलिस थाना विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मैराथन दौड़ में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, पुलिस विभाग, नगर परिषद के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र शामिल हुए। जहां पर महर्षि पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल के विधार्थियों ने मैराथन दौड़ में शामिल होकर प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुबह 8 बजे पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष बलराम टांक, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, तहसीलदार आर पी सिंह गौड़, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा, थाना प्रभारी रवि ठाकुर द्वारा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर दौड़ प्रारंभ करवाई। जहां जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा दौड़ में छात्र प्रथम शिवराज सिंह सोनगरा, द्वितीय कन्हैयालाल दांगी, तृतीय अंकित दांगी तीनों छात्रों को शील्ड, प्रमाण-पत्र, लीड पेन पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए।

ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस कमेटी ब्यावरा ने किया आयोजन

## इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि व सरदार पटेल की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

स्थानीय गणेश मांगलिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णुदेव शास्त्री ने संबोधित करते हुए अपने वक्तव्य में इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया किस प्रकार सरदार वल्लभभाई पटेल ने प्रथम गृहमंत्री रहते हुए रियासतों को भारत में विलीन किया तथा तत्कालीन समय में अराजकता फैलाने के करण आरएसएस पर देशव्यापी प्रतिबंध भी किया था। बाद में आरएसएस के शीर्ष नेताओं द्वारा सरकार को भरोसा दिलाया गया उसके बाद उनका प्रतिबंध हटाया गया था। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष चन्दर सिंह सोंधिया द्वारा भी संबोधित किया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य



में आज की सरकारी अव्यवस्थाओं पर प्रकाश डालकर उसको इतिहास के साथ संदर्भित किया ओर कहा जैसे पहले अग्रेजों ने दमन किया आज बीजेपी की सरकार उसी तरह किसानों ओर आम जन का दमन कर रही है।

पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी ने स्वर्गीय इंदिरा के समय देश हित में लिए गए उनके फैसलों को विस्तार पूर्वक बताया और बताया किस प्रकार उन्होंने बिना अमेरिका से डरे पाकिस्तान के दो टुकड़े करके नया देश बांग्लादेश बना दिया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र यादव ने अपने वक्तव्य में स्वर्गीय इंदिरा गांधी के बाल्यकाल में ही क्रांतिकारियों की मदद करने वाले प्रसंगों पर चर्चा की।कार्यक्रम का संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे ने किया। कार्यक्रम में विष्णु देव शास्त्री मंडलम अध्यक्ष यूनुस मोहम्मद, समीर खान, फिरोज लाल संजय बंसल फूल सिंह जाटव जावेद खान इमरान खान फूल सिंह वर्मा साजिद भाई पार्षद गिरिराज शाक्यवार कैलाश कुशवाहा जगदीश जाटव हेमराज जाटव रामबाबू नीरज शर्मा सहित अनेको कांग्रेस जन मौजूद रहे।